04.11.24

# Tender Heart High School, Sector-33-B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'विराम चिह्न'

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो !

बच्चो! आज हम 'विराम - चिह्न' के बारे में पढ़ेंगे। 'विराम चिह्न' को अंग्रेज़ी में Punctuation Mark कहते हैं।

सभी बच्चे अपने पास हिन्दी व्याकरण की नोट बुक रख लें क्योंकि पाठ के बीच में आप से कुछ प्रश्न पूछे जाएँगे जिनके उत्तर आप अपनी नोटबुक में लिखोगे। चलिए, पढ़ना शुरु करते हैं।

विराम चिह्न कहते हैं हमसे, बात लो हमारी मान। चलते - चलते थक जाओगे, कर लो कुछ विश्राम।

अर्थ – वाक्य लिखते समय विराम को प्रकट करने के लिए लगाए जाने वाले चिह्न को विराम चिह्न कहते हैं।

उदाहरण :

1. रोको मत जाने दो।
2. रोको, मत जाने दो।
3. रोको मत, जाने दो।

ऊपर लिखे पहले वाक्य में अर्थ स्पष्ट नहीं होता जबकि ~~द्वितीय~~ दुसरे तथा तीसरे वाक्य में अर्थ तो स्पष्ट हो जाता है लेकिन एक-दुसरे का उलटा अर्थ मिलता है जबकि तीनों वाक्यों में वही शब्द हैं। ये सब विराम चिह्न के प्रयोग का प्रभाव है।

कक्षा - तीसरी 　　　　　　　विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विराम चिह्न

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

अपनी बात को ठीक ढंग से कहने या समझाने के लिए हम बीच-बीच में कहीं थोड़ा तो कहीं अधिक रुकते हैं, इसे विराम कहते हैं। लिखते समय विराम को दिखाने या बताने के लिए हम जिन चिह्नों का प्रयोग करते हैं, वे विराम-चिह्न कहलाते हैं।

चलिए, अब हम कुछ विराम-चिह्नों के बारे में पढ़ेंगे।

1. **पूर्ण विराम चिह्न (।)** → इस चिह्न का प्रयोग वाक्य के पूर्ण या समाप्त होने पर वाक्य के अंत में किया जाता है; जैसे –

(।)

1. बच्चे खेल रहे हैं।
2. मोहन चला गया।

2. **अल्पविराम चिह्न (,)** → इसे वाक्य के बीच में थोड़ा रुकने का संकेत देने के लिए लगाया जाता है; जैसे –

(,)

1. गमलों में मेथी, पुदीना, धनिया और पालक के पौधे थे।
2. शीला, सीमा, शबनम और रीता सहेलियाँ हैं।

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विराम चिह्न

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

## 3. प्रश्नवाचक चिह्न (?) → इसे प्रश्न करते समय वाक्य के अंत में लगाते हैं; जैसे -

(?)

1. आप कहाँ जा रहे हैं?
2. तुम्हारा नाम क्या है?

बच्चो! अब आपने पाठ का अधिकांश भाग सुन लिया है। अब आप पाँच मिनट की ब्रेक ले सकते हैं। ब्रेक में आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी नोट बुक में लिखोगे।

प्र०1. प्रश्नवाचक चिह्न का निशान बनाओ-

प्र०2. पूर्ण विराम का प्रयोग कहाँ किया जाता है, उदाहरण देकर समझाओ।

(ब्रेक का समय समाप्त)

उ०1. प्रश्नवाचक चिह्न — (?) इसका प्रयोग वाक्य के अंत में प्रश्न पूछते समय किया जाता है।

उ० 2. पूर्ण विराम का प्रयोग वाक्यों के पूर्ण या समाप्त होने पर किया जाता है। जैसे;

उदाहरण: यह सोहन का घर है।

चलिए, अब आगे पढ़ते हैं। हमारा अगला चिह्न है —

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विराम चिह्न

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

4. **विस्मयबोधक चिह्न (!)** → दुख, खुशी, आश्चर्य, घृणा आदि भावों को प्रकट करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। इसे वाक्य के बीच में भाव प्रकट करने वाले शब्दों के बाद लगाया जाता है;

(!)

1. अरे! तुम आ गए।
2. वाह! कितना सुंदर पक्षी है।

सभी बच्चे ऊपर लिखे कार्य को अच्छी तरह से पढ़ेंगे व समझने का प्रयास करेंगे।

★ निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाओ -

1) पक्षी उड़ रहे हैं
2) मेरे पिता बाज़ार से केले संतरे सेब और चीकू लाए हैं
3) तुम क्या कर रहे हो
4) वाह कितना सुंदर दृश्य है
5) आप कहाँ रहते हैं
6) सब बच्चों ने स्कूल के आसपास सफ़ाई की

(Last Page)